>

Title: Need to provide funds for conservation and preservation of historical Fort at Lohagarh in Bharatpur, Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर) : जिला भरतपुर (राजस्थान) का ऐतिहासिक किला न केवल पुरा महत्व का स्मारक है बल्कि भरतपुर का गौरवशाली इतिहास इस किले से जुड़ा हुआ है। यह किला भरतपुर के इतिहास, यहाँ के राजा महाराजाओं की वीरगाथा एवं ब्रिटिशर्स की पराजय की अविस्मरणीय यादों से ओत–प्रोत है, जिससे भरतपुर के निवासियों की भावनायें जुड़ी हुई हैं। यह किला पुरा महत्व का होने के कारण भारत सरकार के पुरातत्व विभाग के नियत्रण में है। पुरातत्व विभाग की लापरवाही व बजट के अभाव के कारण यह किला अपना आकर्षण खो रहा है और समाप्त होने के कगार पर है।

भरतपुर की ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है इसलिए इसके लिए 20 करोड़ रुपये की तत्काल आवश्यकता है अन्यथा यह धरोहर पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगी।

इस संबंध में आग्रह है कि भरतपुर जिले की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए इसी बजट में 20 करोड़ रुपये देने की कृपा करें ,जिससे भरतपुर के गौरवमय इतिहास एवं ऐतिहासिक धरोहर लोहागढ़ किले को समाप्त होने से बचाया जा सके। हम आपके आभारी रहेंगे।